2026

Anandaram Dhekial Phookan College Library
Acc. No.
Date
* Nagaon : Assam *

HINDI

(Minor)

Paper : HIN4400504MN

(हिन्दी पत्रकारिता के विविध आयाम)

(Set–A)

Full Marks : 60

Time : 2½ hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) समाचार के स्रोत से आप क्या समझते हैं?

(ख) 'सरस्वती' पत्रिका का प्रकाशन कब हुआ था?

(ग) साहित्यिक पत्रकारिता की एक परिभाषा लिखिए।

(घ) 'हंस' पत्रिका का प्रकाशन-वर्ष लिखिए।

(ङ) 'सम्मेलन' पत्रिका का प्रकाशन कहाँ से हुआ?

(च) 'कवि वचन सुधा' किस काल की पत्रिका है?

(छ) एम० एस० का पूर्ण रूप लिखिए।

(ज) 'प्रताप' नामक पत्रिका का सम्पादन किसने किया था?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **छः** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×6=12

(क) प्रेस की स्वतंत्रता से आप क्या समझते हैं?

(ख) हिन्दी टंकण में आने वाली दो असुविधाओं का उल्लेख कीजिए।

(ग) द्विवेदीयुगीन किन्हीं दो पत्रकारों के नाम लिखिए।

(घ) संवाददाता किसे कहते हैं?

(ङ) 'स्तंभ-लेखन' से क्या तात्पर्य है?

(च) भारतेन्दुयुगीन साहित्यिक पत्रकारिता की भाषा-संबंधी दो विशेषताएँ बताइए।

(छ) बीसवीं सदी के प्रथम चरण में हिन्दी प्रदेश में किस प्रकार की पत्र-पत्रिकाएँ प्रकाशित होती थीं?

(ज) पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन से आप क्या समझते हैं?

(झ) गणेशशंकर विद्यार्थी की भाषा-शैली की दो विशेषताएँ बताइए।

(ञ) प्रेस संबंधी कानून में 'मुद्रण रेखा' का क्या आशय है?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) पत्रकारिता का समाज और संस्कृति के विकास में क्या महत्त्व है?

(*Continued*)

Anandaram Dhekial Phookan College Library * Nagaon : Assam * Acc. No. Date

(ख) हिन्दी पत्रकारिता के क्षेत्र में बनारसीदास चतुर्वेदी के अवदान पर टिप्पणी लिखिए।

(ग) 'सरस्वती' पत्रिका का हिन्दी भाषा के सुधार में क्या योगदान रहा है?

(घ) 'धर्मयुग' पत्रिका पर संक्षेप में टिप्पणी लिखिए।

(ङ) समाचार के किन्हीं दो स्रोतों पर चर्चा कीजिए।

(च) संवाददाता के कार्य पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(छ) 'रिपोर्ट-लेखन' से आप क्या समझते हैं?

(ज) सूचना के अधिकार की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) प्रेस की स्वतंत्रता के सदुपयोग और दुरुपयोग पर एक लेख लिखिए।

(ख) फीचर-लेखन क्या है? फीचर-लेखन में विशेष ध्यान देने योग्य बातों की चर्चा कीजिए।

(ग) छायावादयुगीन साहित्यिक पत्रिकाओं का नामोल्लेख करते हुए उनकी प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

(घ) समाचार-संकलन और सामग्री-विभाजन पर एक लेख लिखिए।

(ङ) समाचार-लेखन और शीर्षक-निर्माण में बरती जाने वाली सावधानियों पर चर्चा कीजिए।

★★★